**Harnessing of flared up petroleum Gas**

601. DR. RATNAKAR PANDEY : SHRI DEBA PRASAD RAY :

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether any process has been developed for production of LPG and/or kerosene from petroleum gas which is at present being flared up from different oil fields and refineries;

(b) if so, what are the details in this regard; and

(c) what steps are being taken to harness the gas being flared up?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) LPG can be extracted from natural gas. ONGC and OIL have set up plants for extraction of LPG from natural gas at Uran, Hazira, Ankleshwar and Duliajan. It has been proposed to set up a pilot plant for conversion of natural gas to kerosene and diesel at BBCL refinery in Bombay jointly by National Chemical Laboratory, BPCL and Devi Power Gas India Pvt. Ltd.

(c) Following steps have been takan to reduce flaring of gas.

(i) Compression and transportation facilities have been augmented and are proposed to be augmented further.

(ii) Fall-back consumers are being encouraged— so that they can take the gas when the regular consumers fail to do so. 15% discount on the basic price of gas for the fall-back consumers is available.

(iii) Additional consumers have been developed to improve the low offtake caused by low/delayed offtake of committed consumers.

**गैस एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों का आवंटन**

602. **डा. अबरार अहमद खान :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किसी स्थान पर गैस एजेन्सी एवम् पेट्रोल पम्प की एजेन्सी देने के क्या मापदण्ड हैं;

(ख) पेट्रोल पम्प या गैस एजेंसी आबंटित करने के लिए क्या तरीका अपनाया जाता है तथा यह किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है कि प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जाये, और

(ग) इस समय राजस्थान में किस-किस स्थान पर गैस एजेन्सियों एवम् पेट्रोल पम्प के आबंटन के लिए खाली स्थान है, बाकी स्थानों के लिए विज्ञापन कब दिये जाने की संभावना है?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) :** (क) एल पीजी वितरण केन्द्र और खुदरा बिक्री केन्द्र खोलने के लिए संभावित स्थानों का पता लगाने के लिए तेल उद्योग द्वारा आवधिक सर्वेक्षण किये जाते हैं। एल पी जी वितरण केन्द्रों के लिए उन शहरों को तेल उद्योग की वार्षिक एल पी जी विपणन योजना में शामिल किया जाता है जिनकी जनसंख्या 20,000 या इससे अधिक है तथा जहां आर्थिक रूप से व्यवहार्य वितरण केन्द्र के लिए पर्याप्त तत्व मौजूद हों। खुदरा बिक्री केन्द्र के लिए उन स्थानों को तेल उद्योग की वार्षिक खुदरा विपणन योजना में शामिल किया जाता है जहां वर्तमान लागू मानदण्डों के अनुसार मात्रा और दूरी के मानदण्ड पूरे होते हों।

(ख) निश्चित की गई डीलरशिपों/वितरण केन्द्रों को प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापित किया जाता है और ऐसे विज्ञापनों के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों पर एक स्वतंत्र तेल चयन बोर्ड द्वारा विचार किया जाता है जिसके अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवा प्राप्त न्यायाधीश होते हैं। तेल चयन बोर्ड की सिफारिशों पर तेल कंपनी द्वारा नियुक्ति की जाती है। डीलर चयन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया जाता है और कोई भी असामान्यता की सूचना मिलने पर उसकी विधिवत जांच की जाती है और उपचारात्मक कदम उठाये जाते हैं।

(ग) विपणन योजना 1988–89 तथा 1987–88 तक राजस्थान में एल पी जी वितरण केन्द्रों को खोलने के लिए क्रमशः 61 स्थान और खुदरा बिक्री केन्द्र खोलने के लिए 69 स्थान निर्दिष्ट किये गये हैं। इनका ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 151, अनुपत्र संख्या 49]

**राजस्थान में पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियां**

603. **डा० अबरार अहमद खान:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में भारत पेट्रोलियम लिमिटेड और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड के कितने पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियां हैं तथा इनके द्वारा गत तीन वर्षों में वर्षवार कितना पेट्रोल एवं डीजल वितरित किया जा रहा है; और

(ख) राजस्थान में पेट्रोल पम्प एवम् गैस एजेंसी धारकों की संख्या तथा उनके नाम और पते क्या-क्या हैं?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त):** (क) 1–4–1989 को मैसर्स भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बी पी सी एल) और मैसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एच पी सी एल) द्वारा देश में चलाये जा रहे खुदरा बिक्री केन्द्रों (पेट्रोल/डीजल) तथा एल पी जी वितरण केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है :—

| | खुदरा बिक्री केन्द्र (पेट्रोल/डीजल) | एल० पी० जी० वितरण केन्द्र |
|---|---|---|
| 1. बी० पी० सी० एल० | 3822 | 704 |
| 2. एच० पी० सी० एल० | 3805 | 1092 |

पिछले तीन वर्षों के दौरान इन खुदरा बिक्री केन्द्रों के द्वारा वितरित पेट्रोल/डीजल की मात्रा इस प्रकार है :—

('000 कि० लीटर)

| | बी० पी० सी० एल० (पेट्रोल/डीजल) | | एच० पी० सी० एल० (पेट्रोल/डीजल) | |
|---|---|---|---|---|
| 1986–87 | 1079.42 | 3464.09 | 991.07 | 3277.00 |
| 1987–88 | 1190.13 | 3780.55 | 1093.87 | 3574.47 |
| 1988–89 | 1283.50 | 4089.51 | 1178.43 | 3837.79 |